सरयू राय
सदस्य
झारखण्ड विधान सभा
सभापति
प्रत्यायुक्त विधान समिति

आवास :
● एफ. टाईप, आवास सं०-1, ए.जी. मोड़, डोरण्डा, राँची - 834002
मोबाईल नं. : 9431114466
ई-मेल : saryuroyoffice@gmail.com
वेबसाईट : www.saryuroy.in

पत्रांक : 424/JSR/26 दिनांक : 10/06/2026

अपर नगर आयुक्त,
मानगो नगर निगम,
जमशेदपुर।

विषय : मानगो पेयजलापूर्ति परियोजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपका ध्यान निम्नांकित बिंदुओं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ साथ ही आपके पदभार ग्रहण करने के उपरांत इन बिंदुओं के संबंध में नगर निगम के अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा आपको दी गयी तथ्यात्मक सूचना की जानकारी भी आपके स्तर से उपलब्ध करायी जा सके तो बेहतर होगा।

1. मानगो पेयजलापूर्ति परियोजना के इंटेकवेल की स्थिति क्या है? इंटेकवेल में लगे मोटरों की स्थिति क्या है? प्रत्येक दिन जल की कितनी मात्रा नदी से खींचकर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में सफाई के लिए भेजा जाता है?
2. वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जल शोधन के लिए लगायी गयी मशीनों की स्थिति क्या है और ट्रीटमेंट प्लांट से किस पानी टंकी में कितनी देर तक पेयजल की आपूर्ति होती है तथा कि टंकी से किस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को कितनी देर तक पेयजल की आपूर्ति होती है और आपूर्ति का समय क्या है?
3. मानगो नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की पाइपलाइन किस मुहल्ले तक बिछायी गयी है जहाँ तक पाइपलाइन बिछायी गयी है वहाँ तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यह जानकारी उपलब्ध करायें कि ऐसे कितने इलाके हैं जहाँ पाइपलाइन तो बिछायी गयी है परंतु पेयजल की आपूर्ति नहीं होती है? ऐसे कितने इलाके हैं जहाँ रात के 12 बजे से 2 बजे के बीच पेयजल की आपूर्ति होती है?
4. मानगो नगर निगम क्षेत्र में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कितने टैंकर कार्यरत हैं और किस टैंकर से किस क्षेत्र में पानी पहुँचाया जाता है?
5. बालीगुमा टंकी तक पानी पहुँचाने के लिए एनएच 33 होकर पेयजल पाइपलाइन ले जाने की स्थिति क्या है?
6. पेयजल उपभोक्ताओं की बड़ी संख्या शिकायत कर रही है कि उनके घरों में पीने का पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है परंतु उनके पास पानी का बिल पहुँच जा रहा है।

RECEIVED
10/6/26
Mango Municipal Corporation

Shot on OnePlus

7. इंटकवेल में जमा करीब छः फीट मोटी बालु की तह हटाने तथा इंटकवेल के दोनों ओर पक्का दिवाल खड़ा करने के लिए मेरी विधायक निधि से पैसा स्वीकृत है। कृपया जानकारी दें की इस कार्य की प्रगति क्या है?
8. इंटकवेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और पानी टंकियों की सफाई कितने दिनों के अंतराल पर होती है और इनकी अंतिम सफाई किस तिथि को हुई है?
9. मानगो पेयजल परियोजना के डीपीआर में कितना पानी उपभोक्ताओं के घरों तक पहुँचाने का लक्ष्य है और यह लक्ष्य किस हद तक पूरा हुआ है?
10. चूँकि आपने हाल ही में मानगों नगर निगम के सर्वोच्च प्रशासनिक पद अपन नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण किया है। आपके अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मियों ने मानगो नगर निगम में विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति के विषय में क्या जानकारी दी है तथा इस जानकारी में एवं क्षेत्र की वस्तुस्थिति में कितना अंतर है?
11. मानगो नगर निगम क्षेत्र में मेरी विधायक निधि से तथा जिला योजना की निधि से जिन योजनाओं का शिलान्यास तीन माह से अधिक समय पहले हो चुका है उनमें से कितनी योजनाएं पूरी हो चुकी है, कितनी कर्याधीन हैं और कितने पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है? योजनाओं में विलंब के लिए दोषी कौन है? इसकी जानकारी देने की कृपा करेंगे।

अनुरोध है कि उपुर्यक्त जानकारियाँ शीघ्रअतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

सधन्यवाद,

भवदीय

सरयू

सरयू राय

Shot on OnePlus